



# भारत ने यूएसए को हराया

## 132 पर सिमट गया यूएसए

**मुंबई, 7 फरवरी. गत चैंपियन भारतीय क्रिकेट टीम ने टी20 विश्व कप 2026 में अपने सफर की शुरुआत जीत के साथ की है. ग्रुप ए के अपने पहले मैच में भारतीय टीम ने कप्तान सूर्यकुमार यादव के विस्फोटक अर्धशतक के दम पर यूएसए को 29 रन से हरा दिया.**

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में भारतीय टीम के दिए 162 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी यूएसए के शीर्ष क्रम के तीनों बल्लेबाज फ्लॉप रहे. सलामी बल्लेबाज एंड्रियस गौस 6, सैतेजा मुक्कमल्ला 2, और कप्तान मोनांक पटेल बिना खाता खोले आउट हो गए. 13 पर 3 विकेट गंवा चुकी यूएसए को मिलिंद कुमार और संजय कृष्णमूर्ति ने संभाला और चौथे विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी कर स्कोर को 71 तक ले गए.

मिलिंद इसी स्कोर पर 34 रन बनाकर आउट हुए. इसके बाद 98 के स्कोर पर पांचवें विकेट के रूप में संजय कृष्णमूर्ति भी 37 रन बनाकर आउट हो गए. इन दोनों की जोड़ी टूटने के बाद यूएसए का निचला क्रम ढह गया. शुभम रंजने के 22 गेंद पर बनाए 37 रन के बावजूद यूएसए 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 132 रन बना सकी और 29 रन से मैच हार गई. भारत की तरफ से मोहम्मद सिराज ने 4 ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट लिए. अर्शदीप सिंह ने 4 ओवर में 18 रन देकर 2, अक्षर पटेल ने 4 ओवर में 24 रन देकर 2, और वरुण चक्रवर्ती ने 4 ओवर में 24 रन देकर 1 विकेट लिए.

> इससे पहले भारतीय क्रिकेट टीम ने टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान सूर्यकुमार यादव के 49 गेंदों पर 4 छक्कों और 10 चौकों की मदद से नाबाद 84 रन की पारी की बदौलत 9 विकेट पर 161 रन बनाए थे। तिलक वर्मा ने 16 गेंद पर 25 और ईशान किशन ने 16 गेंद पर 20 रन की पारी खेली थी। अभिषेक शर्मा और शिवम दुबे खाता नहीं खोल सके थे। रिंकू सिंह 6, हार्दिक पांड्या 5 और अक्षर पटेल 14 रन बनाकर आउट हुए।

# भारत के चेतन और पुलकित ने जीते रजत पदक

**जागरेब ,07 फरवरी . भारत के चेतन और पुलकित ने जागरेब ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में क्रमश: 63 किग्रा ग्रीको-रोमन और महिलाओं के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत पदक जीते.**

शुक्रवार को खेले गये मुकाबलों में इसके अलावा अंजलि (62 किग्रा) और निशा दहिया (68 किग्रा) ने अपने-अपने वर्ग में कांस्य पदक जीते. साल की पहली विश्व कुश्ती महासंघ (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) रैंकिंग सीरीज में भारत के पदकों की संख्या 11 हो गई है जिसमें एक स्वर्ण, चार रजत और छह कांस्य पदक शामिल हैं. ग्रीको-रोमन वर्ग में चेतन ने 63 किग्रा में दमदार प्रदर्शन करते हुए भारत के अभियान की मजबूत शुरुआत कराई. क्वालीफायर में उन्होंने कजाकिस्तान के दस्तान जारलिखानोव को 7-6 से हराया. इसके बाद क्वार्टरफाइनल में सर्बिया के देजान बेरकेच को 9-0 से मात दी. सेमीफाइनल में चेतन ने ईरान के पूर्व विश्व चैंपियन मेयसम डालखानी को 14-5 से चौंकाते हुए फाइनल में जगह बनाई. हालांकि स्वर्ण मुकाबले में उन्हें ईरान के एरफान बेहनाम जारकानी से 8-4 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा. महिलाओं के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल में अंडर-17 वर्ल्ड चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता पुलकित ने नॉर्डिक सिस्टम के तहत रजत पदक जीता. उन्होंने स्वीडन की एग्नेस न्यग्रेन को 10-1 से और रोमानिया की यूरोपियन गेम्स कांस्य पदक विजेता क्रिस्टा इन्से को 2-0 से हराया.



> इसके बाद क्रोएशिया की मारियाना सुम्सकी के चोटिल होने के कारण उन्हें वॉकओवर मिला. हालांकि, दिन के अपने पहले मुकाबले में जापान की नाना इकेहाता से 3-1 से हार के चलते पुलकित रजत तक ही पहुंच सकीं. महिलाओं के 62 किग्रा वर्ग में अंजलि ने अपने अभियान की शुरुआत क्रोएशिया की लाना नोगिक पर 12-0 की शानदार जीत के साथ की. क्वार्टरफाइनल में उन्होंने ब्राजील की लाइस नून्स को 5-3 से हराया. सेमीफाइनल में उन्हें स्वीडन की ओलंपियन और दो बार की यूरोपियन चैंपियनशिप पदक विजेता जोहाना लिंडबॉर्ग से 10-0 से हार झेलनी पड़ी. इसके बाद कांस्य पदक मुकाबले में अंजलि ने अपनी ही साथी भाग्यश्री फांड को 5-4 से हराकर पोडियम पर जगह बनाई. भाग्यश्री फांड ने रेपेचेज के जरिए कांस्य पदक मुकाबले के लिए क्वालीफाई किया था.

# जेसन होल्डर ने लगाया टी20 विकेटों का शतक



**कोलकाता.** वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने टी20 विश्व कप 2026 में ग्रुप सी के पहले मैच में स्कॉटलैंड के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए न सिर्फ अपनी टीम को जीत दिलाई बल्कि एक बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम किया. स्कॉटलैंड के खिलाफ मुकाबले में जेसन होल्डर ने 3.5 ओवर में 30 रन देकर 3 विकेट लिए. इस दौरान दूसरा विकेट लेते ही अंतरराष्ट्रीय टी20 में उनके 100

# फोर्स मेज्योर क्लॉज लागू करने पर बातचीत शुरू

**दुबई, 07 फरवरी . इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ( आईसीसी ) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ( पीसीबी ) ने 15 फरवरी के गतिरोध पर बातचीत शुरू कर दी है, जब पीसीबी ने फोर्स मेज्योर ( एफएम ) क्लॉज लागू किया.**

टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने से कुछ घंटे पहले, माना जा रहा है कि दोनों पक्ष कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के बीच बड़े मुकाबले पर चर्चा करने पर सहमत हो गए हैं.यह स्थिति अब बातचीत के चरण तक पहुँच गई है, जब वैश्विक संस्था ने पीसीबी के एक संचार का जवाब दिया, जिसमें आईसीसी द्वारा किसी भी गैर-अनुपालन और अनुपस्थिति के लिए पीसीबी से संभावित नुकसान का दावा करने की बात कही गई थी. इस घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने बताया कि आईसीसी ने पीसीबी के संचार का जवाब देते हुए भागीदारी की शर्तों में फोर्स मेज्योर क्लॉज से संबंधित सवाल पूछे और पीसीबी से यह दिखाने के लिए कहा कि उसने फोर्स मेज्योर दावे को कम करने के लिए क्या कदम उठाए हैं. यह बातचीत तब शुरू हुई जब पीसीबी ने औपचारिक रूप से आईसीसी को मैच का बहिष्कार करने के अपने इरादे के बारे में सूचित किया, फोर्स मेज्योर क्लॉज लागू किया और पाकिस्तान सरकार के एक आदेश का हवाला दिया.







# ए प्लस से बी वर्ग में खिसके रोहित और कोहली

**मुंबई, 07 फरवरी. टेस्ट और टी 20 से संन्यास ले चुके पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की अनुबंध सूची में ए प्लस से बी वर्ग में खिसक गए हैं.**

इस बार किसी भी खिलाड़ी का नाम ए प्लस वर्ग में नहीं है. टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और आलराउंडर रवींद्र जडेजा केंद्रीय अनुबंध के ए वर्ग में रखे गए हैं जबकि टी20 कप्तान सूर्य कुमार यादव बी वर्ग में हैं. बीसीसीआई ने साल 2025-26 के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची को मंजूरी दी जिसमें कुल 30 पुरुष खिलाड़ियों को जगह दी गई है : **ए वर्ग:** शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा. **बी वर्ग:** रोहित शर्मा, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, वाशिंगटन सुंदर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, मोहम्मद सिराज, रिषभ पंत, कुलदीप यादव, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर.

**सी वर्ग :**

अक्षर पटेल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, शिवम दुबे, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, ध्रुव जुरैल, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, नीतीश कुमार रेड्डी, अभिषेक शर्मा, साई सुदर्शन, रवि बिश्नोई, रुतुराज गायकवाड़.

## 700 विकेट का मील का पत्थर बड़ी उपलब्धि

**चेन्नई.** टी20 इतिहास में 700 विकेट के मील के पत्थर को छूने के करीब अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने कहा है कि यह उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी. न्यूजीलैंड के खिलाफ अहम मैच से पहले उन्होंने कहा, 'यह एक अच्छा एहसास है. मैंने 9-10 साल तक इंटरनेशनल क्रिकेट खेला है. 700 विकेट लेना मेरे लिए एक सपना होगा. मैंने इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचा था.' राशिद ने कहा कि उनका लक्ष्य मुश्किल परिस्थितियों में टीम को जरूरत के हिसाब से गेंदबाजी करना है. उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, '700 विकेट क्यों, 7000 क्यों नहीं!' राशिद ने अब तक 510 पारियों में 696 विकेट लिए हैं, जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17 रन देकर 6 विकेट है. उन्होंने महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने की बात की, लेकिन कहा कि इस पर फैसला एसीबी और आईसीसी को लेना चाहिए.

**हर्षित बाहर, सिराज भारतीय टीम में शामिल- मुंबई.** भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा पुरुष टी20 विश्व कप 2026 से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह पर मोहम्मद सिराज को भारतीय टीम में शामिल किया गया है.

# पाकिस्तान ने नीदरलैंड को 3 विकेट से हराया

**कोलंबो, 07 फरवरी. सलमान मिर्जा ( तीन विकेट ) की अगुवाई गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद साहिबजादा फरहान ( 47 ) और फहीम अशरफ ( 29 ) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने शनिवार को टी-20 विश्वकप के कड़े संघर्षपूर्ण मुकाबले में नीदरलैंड पर तीन गेंदे शेष रहते तीन विकेट से जीत दर्ज की.**

148 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में सैम अयूब 13 गेंदों में (24) का विकेट गंवा दिया. उन्हें आर्यन दत्त ने आउट किया. इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान आगा सलमान ने साहिबजादा फरहान के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया. इसी दौरान पांचवें ओवर में आर्यन दत्त ने आगा सलमान (12) का शिकार कर लिया. एक समय जब ऐसा लगा रहा था कि पाकिस्तान यह मैच आसानी से जीत लेगा लेकिन 12वें ओवर में पॉल वैन मीकरेन ने पहली ही गेंद पर साहिबजादा फरहान को आउटकर पाकिस्तान को तीसरा झटका दिया. साहिबजादा फरहान ने 31 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 47 रनों की पारी खेली. इसी ओवर की तीसरी गेंद पर उन्होंने उस्मान ख्वाजा (शून्य) को भी पवेलियन भेज दिया. अगले ओवर में रुलॉफ वैन डर मर्व ने बाबर आजम (15) का भी शिकार कर पाकिस्तान को संकट में डाल दिया.

**पश्चिम मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र संख्या 51/2025**

निविदा सं. 20255012A जिसके खुलने की तिथि 09.03.2026 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/119/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए है:-

| Tender No. & Short Description | निविदा खोलने की तिथि | |
|---|---|---|
| | From | To |
| 20255012A Description: सेट ऑफ़ हेलिकल स्प्रिंग फॉर WAG-9HC | 09.03.2026 | 26.02.2026 |

अद्यतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखें।

*कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक/पमरे/जबलपुर*

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र संख्या 52/2025**

निविदा सं. 20265004 जिसके खुलने की तिथि 26.02.2026 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/119/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए है:-

| Tender No. & Short Description | Earnest Money (INR) | |
|---|---|---|
| | Existing Value | Modified Value |
| 20265004 Description- सप्लाई, इंस्टालेशन & टेस्टिंग ऑफ़ वाटरलेस Urinals | 0 | 30,04,470/- |

अद्यतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखें।

*कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक/पमरे/जबलपुर*

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**

वाणिज्य विभाग ▪ जबलपुर मंडल ▪ ई-बोली

No. JBP/C/NFR/E-Tender/26, Date: 03.02.2026

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर,** भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता है। **SN 1 Category & Assets Details:** बरगंवा रेलवे स्टेशन क्षेत्र में Pay & Use, पार्किंग, विज्ञापन अधिकार, फूड वैन एवं वीडियो वॉल की संयुक्त अनुबंध व्यवस्था। **Tender Notice No.:** MSS-JBP-BRGW-STGen-106-26-1. **Lot End Date Time:** 13.02.2026, 15:30. **SN 2 Category & Assets Details:** मदनमहल स्टेशन स्थित MFC में व्यक्तिगत दुकानों/रेस्टोरेंट/बजट होटल हेतु मल्टी-फंक्शनल कॉम्प्लेक्स की व्यवस्था। **Tender Notice No.:** MSS-JBP-MML-MFC-117-26-1. **Lot End Date Time:**13.02.2026, 15:40. **SN 3 Category & Assets Details:** पिपरिया स्टेशन स्थित MFC में व्यक्तिगत दुकानों/रेस्टोरेंट/बजट होटल हेतु मल्टी-फंक्शनल कॉम्प्लेक्स की व्यवस्था। **Tender Notice No.:** MSS-JBP-PPI-MFC-111-25-1. **Lot End Date Time:** 13.02.2026, 15:50. **SN 4 Category & Assets Details:** मदनमहल रेलवे स्टेशन पर ग्लो साइन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन। **Tender Notice No.:** ADVT-JBP-MML-OSN-89-22-2. **Lot End Date Time:** 13.02.2026, 15:30. **SN 5 Category & Assets Details:** नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन पर ग्लो साइन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन। **Tender Notice No.:** ADVT-JBP-NU-OSN-90-22-1. **Lot End Date Time:** 13.02.2026, 15:40. **SN 6 Category & Assets Details:** सागर (SGO) रेलवे स्टेशन पर ग्लो साइन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन। **Tender Notice No.:** ADVT-JBP-SGO-OSN-99-22-1. **Lot End Date Time:** 13.02.2026, 15:50. **SN 7 Category & Assets Details:** KMZ में गैन्ट्री गेट्स की स्थापना एवं अनुरक्षण। **Tender Notice No.:** ADVT-JBP-KMZ-OH-147-26-1. **Lot End Date Time:** 16.02.2026, 15:30. **SN 8 Category & Assets Details:** रीवा में गैन्ट्री गेट्स की स्थापना एवं अनुरक्षण। **Tender Notice No.:** ADVT-JBP-REWA-OH-148-26-1. **Lot End Date Time:** 16.02.2026, 15:40. **SN 9 Category & Assets Details:** कटनी में गैन्ट्री गेट्स की स्थापना एवं अनुरक्षण। **Tender Notice No.:** ADVT-JBP-KTE-OH-146-26-1. **Lot End Date Time:** 16.02.2026, 15:50. **SN 10 Category & Assets Details:** पिपरिया में गैन्ट्री गेट्स की स्थापना एवं अनुरक्षण। **Tender Notice No.:** ADVT-JBP-PPI-OH-145-26-1. **Lot End Date Time:** 16.02.2026, 16:00.

संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट **(www.ireps.gov.in)** पर E-Tender Leasing मॉडयूल देखें। लॉट-वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई-बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

*सहायक वाणिज्य प्रबंधक, पमरे, जबलपुर*

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगरपालिका परिषद, बालाघाट, जिला- बालाघाट (म.प्र.) पिन कोड 481001**

दूरभाष/ फैक्स क्रमांक 07632-241377 एवं ई-मेल- cmobalaghat@ mp.urban.gov.in

क्रमांक/एफ- / लो.नि.वि./2026/14033 — **तृतीय निविदा सूचना** — बालाघाट, दिनांक :- 06/02/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| क्रं. | टेण्डर आई.डी. नं. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_443997_3 | एस.बी.एम. 2.0 अन्तर्गत एम.आर.एफ. कम्पोस्टिंग प्लांट निर्माण कार्य। | 06 माह 1,43,25,867=00 | 12,500=00 एवं 1,07,444=00 | 11/03/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बालाघाट जिला बालाघाट (म.प्र.)

**MADHYA PRADESH ROAD DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED**

(Govt. of M.P. Undertaking), CIN : U45203MP2004SGC016758

45-A, Arera Hills, Bhopal–462011, M.P., Ph. : 0755-2527290, 2765205, Fax : 2572643, Web. : www.mprdc.gov.in

MPRDC

NIT No. 698/MPRDC/Procu/2026

**निविदा आमंत्रण**

मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड भोपाल निम्न कार्यों के लिये ऑनलाइन निविदाऐं आमंत्रित करता है।

| क्र. | कार्य का नाम | वार्षिक संभावित संग्रह/ अनुमानित लागत (रुपये लाख में) | धरोहर राशि (रुपये लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जबलपुर-नरसिंहपुर-पिपरिया मार्ग का बी.टी. नवीनीकरण (प्रस्तावित बी.टी. मार्ग की लम्बाई – 32.00 कि.मी.) | 922.57 | 9.23 | 20,000/- | 05 माह (वर्षाकाल सहित) |
| 2. | रीवा शहर में ढेकहा-तिराहा के जंक्शन सुधार का कार्य। | 608.51 | 6.09 | 20,000/- | 06 माह (वर्षाकाल रहित) |
| 3. | मध्यप्रदेश राज्य में बेला-गोविंदगढ़-चुरहट मार्ग पर उपयोक्ता शुल्क संग्रहण। | 410.00 | 20.50 | 15,000/- | 24 माह |
| 4. | मध्यप्रदेश राज्य में तिलवारा-चरगाँव-गोटेगाँव मार्ग पर उपयोक्ता शुल्क संग्रहण। | 242.00 | 12.10 | 15,000/- | 24 माह |
| 5. | मध्य प्रदेश राज्य में NHDP-III के अंतर्गत EPC मोड पर निर्मित NH-12 के जबलपुर -हिरन नदी सेक्शन का मौजूदा किमी. 11/4 से 66/4 (डिजाइन चेनेज 10+400 से 66+000) तक EPC कॉन्ट्रैक्टर के जोखिम और लागत के तहत पेव्ड शोल्डर के साथ चार लेन में रखरखाव कार्य। | 313.38 | 3.13 | 15,000/- | 08 माह (वर्षाकाल सहित) |
| 6. | थांदला-लिमड़ी मार्ग (ब्रिज ID 10702 और 10715) और खंडवा-देदतलाई-बुरहानपुर रोड (ब्रिज ID 10841 और 10842) पर बहुत खराब कैटेगरी के पुलों की मरम्मत/ पुनर्वास का कार्य। | 70.75 | 0.71 | 10,000/- | 03 माह (वर्षाकाल रहित) |
| 7. | मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के तहत मध्य प्रदेश राज्य में पुलों, फ्लाईओवर, ROB के लिए स्ट्रक्चरल हेल्थ असेसमेंट, विस्तृत स्थिति सर्वेक्षण और डायग्नोस्टिक्स, जिसमें मरम्मत योजना और कार्यप्रणाली की तैयारी के साथ-साथ मरम्मत की निगरानी शामिल है। | 145.16 | 1.45 | 12,500/- | 12 माह (वर्षाकाल सहित) |
| 8. | मध्यप्रदेश राज्य में सभी श्रेणियों की सड़कों पर मौजूदा बड़े पुलों, छोटे पुलों, फ्लाईओवर, ROB/RUB, VUP/CD, पुलियों और स्लैब नालियों को मजबूत बनाने/रेट्रोफिटिंग/ पुनर्निर्माण के लिए मोबाइल ब्रिज इंस्पेक्शन यूनिट (MBIU) का उपयोग करके ब्रिज इन्वेंटरी डेटा के संग्रह, स्थिति सर्वेक्षण और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) तैयार करने के लिए परामर्श सेवाएं। (पैकेज-1) | 75.57 | 0.76 | 10,000/- | 06 माह (वर्षाकाल सहित) |
| 9. | मध्यप्रदेश राज्य में सभी श्रेणियों की सड़कों पर मौजूदा बड़े पुलों, छोटे पुलों, फ्लाईओवर, ROB/RUB, VUP/CD, पुलियों और स्लैब नालियों को मजबूत बनाने/रेट्रोफिटिंग/ पुनर्निर्माण के लिए मोबाइल ब्रिज इंस्पेक्शन यूनिट (MBIU) का उपयोग करके ब्रिज इन्वेंटरी डेटा के संग्रह, स्थिति सर्वेक्षण और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) तैयार करने के लिए परामर्श सेवाएं। (पैकेज-2) | 72.02 | 0.72 | 10,000/- | 06 माह (वर्षाकाल सहित) |

निविदा क्रय करने, निविदा जमा करने आदि का विवरण की-डेट्स में दिया गया है। निविदा प्रपत्र केवल वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर दिनांक 17.03.2026, 15:30 बजे तक क्रय किया जा सकता है। **निविदाकारों को तकनीकी निविदा एवं वित्तीय दर केवल ऑनलाइन ही जमा करनी है।** परिशिष्ट एवं शुद्धिपत्र (कोई भी) वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर ही प्रकाशित किया जावेगा। निविदा खोलने के दिनांक को मध्यप्रदेश शासन द्वारा अवकाश घोषित करने पर उक्त कार्य अगले कार्यदिवस में संपादित किया जावेगा।

म.प्र. सड़क विकास निगम लिमिटेड को किसी भी निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार होगा।

म.प्र. माध्यम/124384/2026 — **प्रबंध संचालक**

**कार्यालय, नगरपालिका परिषद इटारसी**

क्रं./लोक कर्म शाखा/2026 /2249 — इटारसी दि. 06 .02 .2026

**ई निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है . निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं | टेण्डर पोर्टल क्रं | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_480761_1 | शहर इटारसी में मुख्यमंत्री मॉनिट ए नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना अंतर्गत विभिन्न सीसी निर्माण कार्य ( कार्यों की सूची संलग्न ) ( द्वितीय आमंत्रण ) | 3,37,11,358/- | 1,68,560/- 15,000/- | 21.02.2026 17.30 |

नोट – निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद इटारसी